AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## लखनऊ विश्वविद्यालय : पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। इंटरव्यू के लिए योग्य स्टूडेंट की लिस्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। फ्रेंच और भाषा विज्ञान में एक भी स्टूडेंट इंटरव्यू के लिए पास नहीं हो सका। विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों 39 विभाग की 492 पीएचडी सीट के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया था। इसमें 5,260 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें से काफी संख्या में छात्रों ने परीक्षा दी थी। अभ्यर्थियों के प्राप्तांक इंटरव्यू के बाद जारी किए जाएंगे। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के बाद इंटरव्यू के लिए योग्य अभ्यर्थियों की अल्फाबेटिकल लिस्ट वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। जल्द ही इंटरव्यू शिड्यूल और उसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।

## बीएलएड के प्रवेश पत्र जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा बीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन 26 सितंबर को किया जाएगा। विवि ने वेबसाइट पर इसके प्रवेश पत्र बृहस्पतिवार को जारी कर दिए हैं। विश्वविद्यालय और सहयुक्त कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिले दिए जाएंगे। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश पत्र के लिए अभ्यर्थियों को अपनी लॉगिन करनी होगी। यदि वो पासवर्ड भूल गए हैं तो वे लॉगिन पृष्ठ पर फॉरगेट पासवर्ड लिंक के माध्यम से इसे रीसेट कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 90 मिनट की होगी। इसमें उन्हें 100 ऑब्जेक्टिव सवाल पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न चार अंकों का होगा और गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा। ये सवाल भाषा की क्षमता (हिंदी और अंग्रेजी), सामान्य जागरूकता, तार्किक क्षमता एवं मानसिक क्षमता क्षेत्र से होंगे।

TOI PAGE 2

# LU declares results of PhD entrance, interviews next wk

TIMES NEWS NETWORK

**Lucknow:** Lucknow University declared the PhD entrance test results on Wednesday for admission to its 452 PhD seats. The university will conduct interviews of candidates who have cleared the entrance test next week onwards.

In view of Covid-19 pandemic, the university has given both online and offline option for interview to candidates.

The PhD entrance test could not be held in March as scheduled due to the announcement of complete lockdown. It was held on September 1 in which around 2,000 candidates appeared.

"Candidates can either give the interview via video conferencing or by visiting the campus," said vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai.

The final merit list of candidates will be declared once interviews are conducted.

According to the University Grants Commission, the entrance test accounts for weightage of 70% while the remaining 30% is on performance in the interview or oral presentation.

"We will have a meeting to finalize how these 30 marks will be awarded. It's likely that 15 marks will be for the oral presentations of the research topic while 15 will be for the interview," Rai added.

The university will update the detailed interview schedule on its website shortly. No personal interview letter would be sent to any candidate.

HINDUSTAN PAGE 8

## एलयू: पीएचडी लिखित परीक्षा के नतीजे जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रवेश के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की सूची गुरुवार को जारी कर दी है। सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड है। विश्वविद्यालय प्रशासन की मानें तो चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से गुजरना होगा। विश्वविद्यालय में पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दो चरणों में परीक्षा होती है। पहली लिखित और दूसरा साक्षात्कार। 70 प्रतिशत अंक लिखित परीक्षा और 30 प्रतिशत साक्षात्कार के आधार पर दिए जाते हैं। जल्द ही साक्षात्कार का कार्यक्रम भी जारी किया जाएगा।

## कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी

**लखनऊ।** लविवि ने बीएड समेत कई पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया है। बीपीएड के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 21 और एमपीएड के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 सितम्बर से होंगी। एमए/एमएससी एन्थ्रो की परीक्षा 26, बीएड (2018-20) के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 सितम्बर से होगी। कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर है।

NBT PAGE 4

## एलयू: बीपीएड समेत कई कोर्स की एग्जाम डेट जारी

■ **एनबीटी,लखनऊः** एलयू की ओर से गुरुवार को बीपीएड समेत कई पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

बीपीएड के चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 21 और एमपीएड के चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 सितम्बर से होंगी। एमए/एमएससी एन्थ्रोपोलॉजी की परीक्षा 26 सितम्बर से होगी। एमएससी फॉरेन्सिक साइंस की परीक्षा 21 सितम्बर से है। बीएड (2018-20) के चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 सितम्बर से होगी। एमए लिंग्विस्टिक्स की परीक्षा भी 28 से होगी। एमए समाजशास्त्र, की परीक्षा कार्यक्रम भी जारी किया गया है। विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।